p>

Regarding sanctioning of a rake point at Phalodi in Rajasthan for supply of fertilizers.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : सभापति महोदय, मैं सुदूर पश्चिमी राजस्थान में रेत के टीबों में जोधपुर और जैसलमेर जिले का प्रतिनिधित्व करता हूं। देश के अन्य लोक सभा क्षेत्रों की तुलना में क्योंकि हमारे यहां जनसंख्या का घनत्व कम है, इसलिए लोक सभा क्षेत्रों का साइज़ बहुत बड़ा है। मेरा लोक सभा क्षेत्र लगभग 40 हजार स्कवायर किलोमीटर में आता है। रासायनिक खाद की आपूर्ति जो सरकारी स्तर पर की जाती है, उसका रेक प्वाइंट अनेक वर्षों से जोधपुर शहर में है। मेरे लोक सभा क्षेत्र का विस्तार जोधपुर से आगे लगभग 400 किलोमीटर तक है। मैं आपके माध्यम से किसानों के हित में ताकि उन्हें इस बात की सुविधा मिल सके, भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि फलौदी रेलवे स्टेशन पर एक और रेक प्वाइंट बनाया जाए ताकि किसानों को फलौदी से रासायनिक खाद मिल सके। उनका जो किराया लगता है, जोधपुर से तीन सौ-साढ़े तीन सौ किलोमीटर ढोकर ले जाना पड़ता है, उससे उन्हें निजात मिल सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री रामचरण बोहरा, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री सी.पी. जोशी को श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।